

## साओ पाउलो स्टेडियम बना ओपन एयर अस्पताल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
साओ पाउलो। साओ पाउलो के पाकाएम्बू स्टेडियम को कोरोना वायरस संक्रमण के बीच ओपन एयर अस्पताल बना दिया गया है। इस 45,000 की क्षमता वाले स्टेडियम में 200 से अधिक बिस्तर लग सकते हैं। यह 10 दिन में पूरी तरह से तैयार हो जाएगा। स्टेडियम के आसपास कई बड़े अस्पताल हैं।

ब्राजील में सोमवार की दोपहर तक कोविड 19 के 1600 मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें 25 लोग मारे जा चुके हैं। फुटबॉल विश्व कप 2014 के दौरान इस्तेमाल किए गए लगभग सभी स्टेडियमों को ओपन एयर अस्पताल बनाने की पेशकश की गई है।

# अटकलें शुरू इस साल रद्द हो सकता है आईपीएल

**कोरोना**

### आईपीएल फ्रैंचाइजियों के साथ टेलिकॉन्फ्रेंस मीटिंग, बीसीसीआई ने रद्द की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। कोरोना वायरस (कोविड– 19) महामारी के चलते आईपीएल को पहले ही 15 अप्रैल तक स्थगित कर दिया गया है। आईपीएल पर आगे की योजनाओं के लिए बीसीसीआई को इस लीग की सभी फैंचाइजियों के साथ मंगलवार को टेलिकॉन्फ्रेंस पर मीटिंग करनी थी लेकिन बीसीसीआई ने इसे रद्द कर दिया है।

इस मीटिंग को रद्द करने के बाद अब यह अटकलें तेज हो गई हैं कि कहीं इस साल इस पेशेवर लीग का आयोजन रद्द तो नहीं हो जाएगा। भारत ने महामारी बने इस वायरस को नियंत्रण में रखने के मकसद से पूरे देश में 31 मार्च तक लॉकडाउन कर दिया है। दुनिया भर में इस घातक वायरस संक्रमण से अब तक 16,000 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं, जबकि भारत में भी करीब 500 (498) मामले सामने आ चुके हैं और नौ लोग मारे जा चुके हैं।

**टीम मालिक बोले– सेहत सबसे बड़ी, इस साल रद्द भी हो जाए आईपीएल तो परवाह नहीं**



हालांकि बीसीसीआई अभी आईपीएल रद्द करने जैसे मुद्दे पर संभलकर चल रहा है। उसे उम्मीद है कि चीजों में सुधार आएगा, तो फिर इस पर सही फैसला लिया जा सकता है। इस बीच बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा, अगर ओलिंपिक जैसे खेल एक साल के लिए स्थगित हो सकते हैं, तो आईपीएल उसके सामने बहुत छोटी चीज है। इस समय सरकार विदेशी नागरिकों को वीजा देने पर सोच भी नहीं रही है तो हम आईपीएल के आयोजन पर कैसे कुछ सोच लें।

किंग्स इलेवन पंजाब के सह–मालिक नेस वाडिया से जब इस मुद्दे पर बात की गई तो उन्होंने कहा, मानवता पहले है, इसके बाद कुछ भी दूसरे नंबर पर आता है। अभी तक स्थिति में कोई सुधारन नहीं हुआ है तो ऐसे में इसका कोई मतलब नहीं है कि अभी इस पर बात की जाए। अगर आईपीएल नहीं होता है तो न सही।

आईपीएल की एक और अन्य फ्रैंचाइजी मालिक ने नाम सामने न लाने की बात कहकर कहा, ‘इस वक्त इस मसले पर कोई भी बात करने कोई अर्थ नहीं है। पूरा देश लॉकडाउन में है। हमें अभी उन मामलों से निपटना चाहिए जो आईपीएल से भी बहुत ज्यादा जरूरी हैं। देशी–विदेशी सितारों से भरी 8 टीमों वाली इस लीग को पहले 29 मार्च से शुरू होना था। इस लीग का पहला मैच मुंबई में मुंबई इंडियंस और चेन्नै सुपर किंग्स के बीच होना था। लेकिन कोविड– 19 के वायरस का प्रकोप बढ़ने के बाद इसे 15 अप्रैल तक टाल दिया गया।


कोविड– 19 पर नियंत्रण पाने के मकसद से सरकार जो कदम उठा रही है। नेस वाडिया ने उनकी तारीफ की है। वाडिया ने कहा, ‘सरकार ने इस पर निर्णायक कदम उठाए हैं। हम अकसर सरकार की आलोचना करते हैं लेकिन सरकार ने समय पर आगे बढ़कर कोविड– 19 के लिए जो कदम उठाए हैं हमें उनकी सराहना भी करनी चाहिए। भारत जैसे बढ़े देश में सभी फ्लाइट्स रद्द कर दी गई हैं यह बहुत बड़ा और सकारात्मक कदम है।

उन्होंने कहा, यह तीसरे विश्व युद्ध जैसी स्थिति है, जिसमें हम इतने सारे लोगों की मदद के लिए लड़ रहे हैं।

## अमेरिका भी ओलिंपिक स्थगित करने के पक्ष में, आईओसी से आग्रह– जल्द ले फैसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
तोक्यो। अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति पर तोक्यो ओलिंपिक को स्थगित करने के लिए दबाव लगातार बढ़ रहा है और अब अमेरिका ने भी खेलों को आगे बढ़ाने का समर्थन कर दिया है, जबकि खिलाड़ियों ने चार सप्ताह की समय सीमा की निंदा की है। कनाडा और ऑस्ट्रेलिया पहले ही कोविड 19 के कारण ओलिंपिक से पीछे हट चुके हैं।

अब अमेरिकी ओलिंपिक समिति ने कहा है कि खेलों को स्थगित करना ही सर्वश्रेष्ठ विकल्प है। विश्व ऐथलेटिक्स समेत दुनिया भर के खेल महासंघों ने 24 जुलाई से 9 अगस्त तक होने वाले इन खेलों को आगे बढाने की मांग की है। आईओसी ने इस बारे में चार सप्ताह के भीतर फैसला लेने का ऐलान किया है।



आईओसी के एक वरिष्ठ अधिकारी डिक पाउंड ने कहा, मुझे लगता है कि आईओसी ओलिंपिक को रद्द नहीं करना चाहती और 24 जुलाई से खेल हो नहीं सकते। ऐसे में स्थगित ही किए जा सकते हैं। आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक, जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे, तोक्यो के गर्वनर और आयोजन समिति के प्रमुख मंगलवार की रात टेलिफोन पर बात करेंगे।

अमेरिकी ओलिंपिक समिति ने 1780 अमेरिकी खिलाड़ियों के बीच कराए गए सर्वे के बाद स्थगन का समर्थन किया है। उसके 68 प्रतिशत खिलाड़ी चाहते हैं कि खेल बाद में कराए जाएं। कोरोना वायरस संक्रमण के कारण दुनिया भर में खेल गतिविधियां ठप्प हैं।

ज्यादातर ओलिंपिक क्वॉलिफायर भी नहीं हो सके हैं। अमेरिकी ओलिंपिक और पैरालिंपिक समिति ने कहा, ‘खिलाड़ियों के जवाब से सबसे अहम बात सामने आई है कि मौजूदा हालात सुधरने पर भी अभ्यास के माहौल, डोप नियंत्रण, क्वॉलिफिकेशन जैसी प्रक्रियाओं में बाधा आएगी।

## जापान सोच भी नहीं सकता ओलिंपिक रद्द होने की बात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोविड–19 के चलते खेल के कई बड़े आयोजन रद्द या स्थगित हो चुके हैं। हर बीतते दिन के साथ सवाल गहराता जा रहा है कि क्या तोक्यो ओलिंपिक 2020 का आयोजन अपनी तय तारीखों पर हो पाएगा? कनाडा ने ओलिंपिक्स से नाम वापस ले लिया है। इसके अलावा और भी कई खेल महासंघ मांग कर रहे हैं कि इन खेलों को टाला जाए।

जापान के प्रधानमंत्री को अब लगने लगा है कि ये खेल जुलाई में शुरू होना मुश्किल हैं। मगर, बड़ा सवाल है कि अगर ओलिंपिक्स टलते हैं तो इनको आगे कोई ऐसा विंडो मिल पाएगा, जिस पर दुनिया के खेल महासंघों को आपत्ति ना हो। फिलहाल तो जापान और अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक्स कमिटी, दोनों यही चाहेंगे कि खेल समय पर हों।

अगर ऐसा नहीं होता तो कम से कम बाद की कोई तारीख तय हो जाए। क्योंकि जापान सपने में भी ओलिंपिक्स रद्द होने की बात सोच भी नहीं सकता। जापान की इकॉनमी पहले ही हिल चुकी है और एक अनुमान के मुताबिक साल के तीसरे क्वॉर्टर में इस देश की जीडीपी माइनस में जा सकती है।

## न्यूज डायरी




### ओलिंपिक मशाल रिलेः न मशाल, न मशाल वाहक और न ही दर्शक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। तोक्यो ओलिंपिक मशाल रिले गुरुवार को फुकुशिमा से शुरू होगी। लेकिन इस कार्यक्रम में न तो मशाल होगी, न मशालवाहक और न ही दर्शक मौजूद होंगे। यूनान से 12 मार्च को ओलिंपिक ज्योति यहां पहुंच गई थी। इसे लालटेन में एक वाहन पर रखकर घुमाया जाएगा। कोविड 19 के चलते सड़कें सूनी पड़ी हैं क्योंकि लोगों से सामाजिक दूरी बनाए रखने के लिए कहा गया है। राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके और जापान की समाचार एजेंसी क्योदो ने यह जानकारी दी। आयोजन समिति के सीईओ तोशिरो मुतो ने कहा, काश कम से कम एक धावक मशाल रिले में साथ रह पाता। इस बीच तोक्यो ओलिंपिक के स्थगित होने की पूरी संभावना बन गई है। दुनिया भर से खेल महासंघ, मौजूदा और पूर्व खिलाड़ी इसके लिए दबाव बना रहे हैं, जबकि अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति ने चार सप्ताह के भीतर फैसला लेने की घोषणा की है।

### साउथ अफ्रीका के केंद्रीय अनुबंध से डेल स्टेन बाहर, हेंडरिक्स शामिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जोहानिसबर्ग। अनुभवी तेज गेंदबाज डेल स्टेन को क्रिकेट साउथ अफ्रीका के वर्ष 2020–21 के सालाना करार में जगह नहीं मिली है, जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ब्यूरन हेंडरिक्स को 16 सदस्यीय सूची में शामिल किया गया है। 36 वर्ष के स्टेन ने फरवरी में चोटों से उबरकर वापसी की थी। उन्हें अक्टूबर में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह मिलने की उम्मीद थी। साउथ अफ्रीकी बोर्ड ने हालांकि युवा खिलाड़ियों में भरोसा जताया और एनरिच नोर्जे, ड्वेन प्रिटोरियस तथा बल्लेबाज रासी वान डेर ड्यूसेन को करार दिए हैं। क्रिकेट साउथ अफ्रीका के कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी जाक फाउल ने एक बयान में कहा, ‘हमने 16 पुरुष और 14 महिला खिलाड़ियों को अनुबंध दिए हैं। इसमें टेस्ट और सीमित ओवरों के खिलाड़ी शामिल हैं।

### जिंदा कुत्ते को पका रहे... शोएब अख्तर के बाद केविन पीटरसन भी चीन पर भड़के

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। महामारी घोषित कोरोना वायरस की वजह से दुनियाभर में उभरे खौफ के लिए केविन पीटरसन ने भी चीन को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने एक के बाद एक लगातार 3 ट्वीट करते हुए चीन पर धावा बोला। दरअसल, इंग्लिश क्रिकेटर को एक विडियो मिला था, जिसमें एक कुत्ते को पका रहे थे, जो उबलते पानी में जिंदा था। बता दें कि इससे पहले पाकिस्तान के क्रिकेटर शोएब अख्तर ने भी चीन को बुराभला कहा था। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ने लिखा– कोरोना कहां से शुरू हुआ? माना जाता है कि कोरोनो वायरस का स्रोत वुहान का ‘वेट बाजार’ माना जाता है, जो मृत और जीवित दोनों जानवरों को बेच देता है। उन्होंने अपने अगले ट्वीट में लिखा– मुझे चीन के एक बाजार का विडियो भेजा गया जहां वे एक ऐसे कुत्ते को पका रहे हैं, जो उबलते पानी में जीवित है। और दुनिया लॉकडाउन है... बास्टर्ड। साथ ही उन्होंने सभी से घरों में सुरक्षित रहने की अपील भी की।

### किताबें, अंग्रेजी क्लास और फिल्मों से मन बहला रहें हैं भारतीय हॉकी खिलाड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बेंगलुरु के साइ सेंटर में ओलिंपिक की तैयारी में जुटे भारतीय हॉकी खिलाड़ी कोविड 19 महामारी के कारण परिसर से बाहर नहीं जा सकते। लिहाजा अभ्यास से इतर समय का सदुपयोग वे अंग्रेजी सुधारने, किताबें पढ़ने और अपनी मनपसंद बॉलिवुड फिल्में देखने में बिता रहे हैं। तोक्यो ओलिंपिक के स्थगित होने की पूरी संभावना के बीच भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमों अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही अभ्यास कर रही हैं। पहले इन खिलाड़ियों को ब्रेक मिलना था लेकिन फिर बेंगलुरु स्थित साइ सेंटर ही रहने को कहा गया। खिलाड़ी परिसर से बाहर नहीं जा सकते और ना ही कोई अनधिकृत व्यक्ति परिसर के भीतर आ सकता है। ऐसे में कड़े अभ्यास के बीच मनोरंजन के सभी के अपने तरीके हैं। पुरुष टीम के सीनियर सदस्य गोलकीपर पीआर श्रीजेश किताबें पढ़कर समय काट रहे हैं।